# Daily Current Affairs 23 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 15 नवंबर को मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस
• प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाता है। 15 नवंबर, 2022 को भारत के राष्ट्रपति ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

2. वाराणसी में काशी-तमिल संगमम हुआ शुरू
• 17 नवंबर, 2022 को वाराणसी में काशी-तमिल संगमम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री एक माह के इस कार्यक्रम का 19 नवंबर को औपचारिक उद्घाटन करेंगे। काशी- तमिल संगमम का उद्देश्य देश के दो महत्त्वपूर्ण शिक्षण पीठों- तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संपर्कों को नए सिरे से स्थापित करना है। इसका लक्ष्य शोधार्थियों, विद्यार्थियों, दार्शनिकों, व्यापारियों, शिल्पकारों और कलाकारों को साथ लाने, ज्ञान, संस्कृति तथा श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को साझा करने एवं एक-दूसरे के अनुभवों से सीखना भी है।

3. असम सरकार ने शुरू किया बाजरा मिशन
• 16 नवंबर, 2022 को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसान की आय को दुगुना करने के उद्देश्य से 'बाजरा मिशन' शुरू किया है। बाजरा मिशन का उद्देश्य किसानों को अपनी फसलों में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। प्रारंभ में बाजरा मिशन 25,000 हेक्टेयर भूमि को कवर करेगा और बाद में इसे 50,000 हेक्टेयर तक बढ़ाया जाएगा।

4. शरत कमल अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के एथलीट कमीशन में चुने जाने वाले पहले भारतीय बने
• भारत के दिग्गज टेबल टेनिस स्टार शरत अचंता कमल को अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (ITTF) के एथलीट कमीशन में चुना गया है। वह इस पैनल में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये है। उन्हें इस चुनाव में दूसरा सबसे अधिक वोट मिला है। उन्हें 187 प्राप्त हुए है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के एथलीट कमीशन के सदस्यों का चुनाव किया गया है। इसमे रोमानिया की एलिज़ाबेता समारा (Elizabeta Samara) को सबसे अधिक 212 मत प्राप्त हुए है।

5. संध्या देवनाथन को मेटा इंडिया का उपाध्यक्ष किया गया नियुक्त
• 17 नवंबर, 2022 को सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने संध्या देवनाथन को मेटा इंडिया का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। वह भारतीय परिचालन के लिए जिम्मेदार होंगी और अजीत मोहन की जगह लेंगी, जिन्होंने स्नैप इंक में शामिल होने के लिए कंपनी छोड़ दी थी। संध्या देवनाथन वर्तमान में एशिया-प्रशांत के लिए मेटा के गेमिंग वर्टिकल की प्रमुख हैं। वह 01 जनवरी, 2023 से मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी।

6. मिजोरम के राजधानी आइजॉल में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट शुरू हुआ
• 17 नवंबर, 2022 को तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट मिजोरम के राजधानी आइजॉल में शुरू हुआ। यह पर्यटन मंत्रालय और राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का 10वाँ संस्करण है। राज्य के वाणिज्य और उद्योग मंत्री डॉ. आर ललथंगलियाना ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम 'पर्यटन ट्रैक के लिए G20 की प्राथमिकताओं' पर केंद्रित है, क्योंकि भारत 1 दिसंबर, 2022 से शुरू होने वाले एक वर्ष के लिए आगामी G20 अध्यक्षता ग्रहण करेगा।

Resultuniraj.co.in